# कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी
# महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला—कबीरधाम (छ.ग.)

कमांक / 1061 / मबावि / मिशन—वात्सल्य / स्था / 2023 कबीरधाम, दिनांक 6 / 07 / 2023

—:: विज्ञापन ::—

**मिशन वात्सलय के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई (डीसीपीयू) एवं शासकीय बालगृह (बालक) में कर्मचारियों की संविदा भर्ती के संबंध में विज्ञापन**

छ.ग. राज्य बाल संरक्षण समिति, संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग नवा रायपुर, अटल नगर का पत्र कमां क 1521 / 894 / मबावि / एससीपीएस / 2ए / 23—24 रायपुर दिनांक 19.05.2023 के अंतर्गत किशोर न्याय (बालको की देखरेख एवं संरक्षण) 2015 यथा संशोधित 2021 के प्रभावी कियान्वयन एवं बच्चों के सर्वोत्तम हित के लिए संचालित मिशन वात्सल्य (एकीकृत बाल संरक्षण कार्यकम) की संवेदनशील प्रकृति को दृष्टिगत रखते हुए रिक्त पदों की संविदा भर्ती हेतु प्रावधानों व स्वीकृति अनुसार जिला बाल संरक्षण इकाई (डीसीपीयू) एवं शासकीय बाल गृह (बालक) में विभिन्न पदों पर संविदा भर्ती हेतु इच्छुक एवं पात्र आवेदकों से दिनांक 25.07. 2023 कार्यालयीन समय शाम 5:30 बजे तक कार्यालय जिला कार्यकम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कबीरधाम में पजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन आमंत्रित है।
विवरण निम्नानुसार हैः—

| क. | कार्यालय / संस्था का नाम | आवेदित पद का नाम | पद संख्या | श्रेणी | पदों की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | जिला बाल संरक्षण इकाई (डीसीपीयू) | विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी | 01 | अनारक्षित | संविदा |
| 02 | | लेखापाल | 01 | अनारक्षित | |
| 03 | | आउटरिच वर्कर | 01 | अनारक्षित | |
| 04 | शासकीय बालगृह (बालक) | परामर्शदाता | 01 | अनारक्षित | |
| 05 | | हाउस फादर | 01 | अनारक्षित | |
| 06 | | पैरामेडिकल स्टॉफ | 01 | अनारक्षित | |
| 07 | | हाउस कीपर | 01 | अनारक्षित | |
| | कुल | | 07 | | |

- उपरोक्त नियुक्ति छ.ग. सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 का नियमन के तहत् होगा।
- उपरोक्त पदों की संख्या परिवर्तनीय हो सकती है अथवा अपरिहार्य कारणों से पद / पदों पर नियुक्ति स्थगित की जा सकती है तथा किसी प्रकार की सिफारिश करने वाले उम्मीदवार का आवेदन पत्र स्वयंमेव ही निरस्त माना जाएगा।
- उक्त पदों पर भर्ती नियम एवं शर्ते आयु सीमा, आर्हता चयन की प्रकिया एवं आवेदन पत्र आदि संबंधी विस्तृत जानकारी कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कबीरधाम के सूचना पटल तथा जिले के वेबसाइट **www.kawardha.gov.in** में देखा जा सकता है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला—कबीरधाम (छ.ग.)

# कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी
# महिला एवं बाल विकास विभाग जिला–कबीरधाम (छ0ग0)

**–:: विज्ञापन ::–**

क्रमांक/1063/मबावि/मिशन–वात्सल्य/स्था/2023 कबीरधाम, दिनांक 6/07/2023

भारत शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्वीकृत मिशन वात्यल्य (एकीकृत बाल संरक्षण योजना) के प्रावधानों व छ.ग. राज्य बाल संरक्षण समिति, संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग नवा रायपुर, अटल नगर का पत्र क्रमांक 1521/894/मबावि/एससीपीएस/2ए/23–24 रायपुर दिनांक 19.05.2023 के अंतर्गत किशोर न्याय (बालको की देखरेख एवं संरक्षण) 2015 यथा संशोधित 2021 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं बच्चों के सर्वोत्तम हित के लिए संचालित मिशन वात्सल्य (एकीकृत बाल संरक्षण कार्यक्रम) की संवेदनशील प्रकृति को दृष्टिगत रखते हुए रिक्त पदों की संविदा भर्ती हेतु प्रावधानों व स्वीकृति अनुसार जिला बाल संरक्षण इकाई (डीसीपीयू) एवं शासकीय बाल गृह (बालक) में विभिन्न पदों पर संविदा भर्ती हेतु इच्छुक एवं पात्र आवेदकों से **दिनांक 25.07.2023 कार्यालयीन समय शाम 5:30 बजे तक** कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कबीरधाम में पजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन आमंत्रित है। पदों एवं आवेदन प्रकिया का विवरण निम्नानुसार है:–

| क. | कार्यालय/संस्था का नाम | आवेदित पद का नाम | पद संख्या | एकमुश्त संविदा वेतन | श्रेणी | पदों की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | जिला बाल संरक्षण इकाई | विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी | 01 | 27804/– | अनारक्षित | संविदा |
| 02 | | लेखापाल | 01 | 18536/– | अनारक्षित | |
| 03 | | आउटरिच वर्कर | 01 | 10592/– | अनारक्षित | |
| 04 | शासकीय बालगृह (बालक) | परामर्शदाता | 01 | 23170/– | अनारक्षित | |
| 05 | | हाउस फादर | 01 | 14564/– | अनारक्षित | |
| 06 | | पैरामेडिकल स्टॉफ | 01 | 11916/– | अनारक्षित | |
| 07 | | हाउस कीपर | 01 | 7944/– | अनारक्षित | |

उपरोक्त पदों की संख्या परिवर्तनीय हो सकती है अथवा अपरिहार्य कारणों से पद/पदों पर नियुक्ति स्थगित की जा सकती है।

4

## Indicative Qualification of staff of DCPU/CCIs under Mission Vatsalya:

| S.No. | Positions | Eligbliti Crateria |
|---|---|---|
| 1 | Legal-cum Probation Officer (LCPO) | LLB from recognized university<br><br>Experience of at least 2 years of working with Govt./ NGO/Legal Matters preferably in the field of Women & Child Rights.<br><br>Good understanding of Women & Child right & protection issues. |
| 2 | Accountant | Graduate in commerce/ Mathematics degree from a recognized university.<br><br>At least 1 year experience of working in desired field<br><br>Computer Skills & command on Tally |
| 3 | Outreach Worker (ORW) | 12th passed from a recognize Board/ Equivalent Board<br>Good Communication Skills<br><br>Weightage for work experience candidate |
| 4 | Counselor (CCI) | Graduate in Social Work /Sociology/Psychology/ Public Health/ Counselling from a recognized university.<br>OR<br>PG Diploma in Counselling and Communication.<br><br>At least 1 year of working experience with the Govt/NGO preferably in the field of Women &Child Development.<br><br>Proficiency in Computers. |
| 5 | House Father | Graduate in Social Work /Sociology/Psychology/ Public Health/ Counselling from a recognized university.<br><br>At least 2 year of working experience with the Govt/NGO in Documentation monitoring and supervision preferably in the field of Women &Child Development. |
| 6 | Pairamedical Staff | ANM/MPW Or Nursing Training certificate of appropriate duration from the institute prescribef by the government.<br><br>At least 2 year of working experience as Paramedical staff in a reputed hospital. |
| 7 | House Keepar | 5th passed from a recognize Board/ Equivalent Board<br>Good Skills<br><br>Weightage for work experience candidate |

आवेदन पत्र **www.kawardha.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

निर्धारित प्रारूप में भरे हुए आवेदन पत्र निम्न पते पर प्रेषित किये जावें:–

- आवेदन पत्र कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला–कबीरधाम(छ.ग.) को प्रस्तुत करना होगा।
- आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 25 जुलाई 2023 है।
- प्रत्येक पद के लिये अलग–अलग आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

उपरोक्त पदों हेतु नियम व शर्तें:–

1. संविदा नियुक्ति 02 वर्ष के लिए होगी। तत्पश्चात कार्य योग्यता, कार्य क्षमता एवं व्यवहार तथा विभाग की आवश्यकता के आधार पर एवं संविदा नियुक्त की उपयुक्तता का आंकलन कर संविदा आगे बढ़ाने का निर्णय विभाग/संबंधित जिले के सक्षम अधिकारी द्वारा लिया जा सकेगा, अन्यथा संविदा नियुक्ति की अवधि की समाप्ति पर संविदा नियुक्ति स्वयमेव समाप्त मानी जावेगी।
2. संविदा नियुक्ति अवधि में योजना प्रावधानों के अनुसार एकमुश्त संविदा वेतन देय होगा। अतः संविदा वेतन के अतिरिक्त कोई भी अन्य वेतन/भत्ते की पात्रता नही होगी। सेवा समाप्ति के बाद संविदा पर नियुक्त कर्मचारियों को किसी भी प्रकार के पेंशन, उपादान भत्ता, मृत्यु लाभ इत्यादि की भी पात्रता नही होगी।
3. संविदा पर की गई नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी एवं बिना कारण बताये भी समाप्त की जा सकती है। संविदा अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकती है।
4. आवेदक की आयु 01 जनवरी 2023 की स्थिति में न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष होनी चाहिए। अधिकतम आयु सीमा में छूट के संबंध में छत्तीसगढ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा दिये गये निर्देश लागू होंगे। आयु के समर्थन हेतु जन्म प्रमाण पत्र, कक्षा– 5वी, 8वीं एवं 10वीं की अंकसूची जिस पर जन्मतिथि अंकित हों। दस्तावेज सत्यापन के समय मूलप्रति एवं स्व प्रमाणित प्रति लाना अनिवार्य होगा।
5. अभ्यर्थी को छत्तीसगढ का मूल निवासी होना अनिवार्य है। सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न किया जावें।
6. शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से होने पर ही मान्य किया जायेगा। निर्धारित शैक्षणिक अर्हता आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम दिनांक तक आवश्यक रूप से प्राप्त होने चाहिए। उपरोक्त उल्लेखित योग्यता ना रखने वाले उम्मीदवार आवेदन ना करें।
7. आवेदन निर्धारित प्रारूप में जमा किया जावे। आवेदन के साथ संलग्न वांछित प्रमाण पत्र एवं अंकसूची स्वप्रमाणित कर संलग्न करना होगा।
8. अनुभव के संबंध में अभ्यर्थी का पदानुरूप अनुभव ही मान्य होगा। संबंधित संस्था के नियोक्ता द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र की छायाप्रति स्वप्रमाणित कर संलग्न करना होगा। अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत पदानुरूप अनुभव प्रमाण पत्र में नाम, पदनाम, कब से कब तक कार्य किया तथा वेतन स्पष्ट नहीं होने पर अनुभव मान्य नहीं किया जायेगा। पदानुरूप अनुभव प्रमाण पत्र जारीकर्ता संस्था इस हेतु अधिकृत संस्था होना चाहिए जिसकी पुष्टि कराने का दायित्व आवेदक का होगा तथा इसके अभाव में अनुभव का अंक दिया जाना संभव नहीं होगा।
9. शासकीय/अर्द्धशासकीय/निजी संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों को अपने आवेदन पत्र को नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है, अन्यथा आवेदन पत्र विचारणीय नहीं होगा।
10. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में उम्मीदवारों को कोई सूचना नही दी जावेगी एवं ऐसे आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जावेंगें ।
11. लिखित परीक्षा/समूह चर्चा/स्किल टेस्ट में भाग लेने वाले अभ्यार्थी को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता/व्यय भत्ता देय नही होगा।
12. आवेदक को छत्तीसगढ राज्य के कियी भी रोजगार कार्यालय में पंजीयन होना अनिवार्य है। किन्तु किसी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में कार्यरत कर्मचारी को पंजीयन से छुट प्राप्त होगी।
13. अंतिम चयन सूची के दिनांक से 01 वर्ष की अवधि तक प्रतीक्षा सूची वैध रहेगी इसके पश्चात् कोई विचार नहीं किया जायेगा।

14. प्रत्येक पद के लिए पृथक–पृथक आवेदन देना होगा। लिफाफे के उपर एवं आवेदन पत्र में पद का नाम, जिसके लिए आवेदित किया जा रहा है, स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए। लिफाफे के उपर प्रेषक का नाम एवं पत्र व्यवहार का पता आवश्यक रूप से लिखा होना चाहिए।
15. आवेदन पत्र कार्यालयों में सीधे स्वीकार नही किये जायेंगे। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/कोरियर के माध्यम से ही स्वीकार होंगे। आवेदन के साथ स्वयं का पता लिखा हुआ 10 रूपये का टिकट लगा हुआ एक कोरा लिफाफा भी संलग्न करें।

16. **उपरोक्त पदो पर चयन प्रकिया निम्नानुसार रहेगीः–**

| पदनाम | चयन प्रकिया |
|---|---|
| विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी | 1. वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मे प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का वेटेज देते हुए अधिकतम 60 अंक।<br>2. लिखित परीक्षा/समूह चर्चा/स्किल टेस्ट/कम्प्युटर परीक्षा से संबंधित परीक्षा पर 30 अंक निर्धारित रहेंगे<br>3. पदानुरुप अनिवार्य अनुभव के अतिरिक्त अनुभव पर प्रतिवर्ष 2 अंक अधिकतम 10 अंक तक होगा। |
| लेखापाल | 1. वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मे प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का वेटेज देते हुए अधिकतम 60 अंक।<br>2. लिखित परीक्षा/समूह चर्चा/स्किल टेस्ट/कम्प्युटर परीक्षा से संबंधित परीक्षा पर 30 अंक निर्धारित रहेंगे<br>3. पदानुरुप अनिवार्य अनुभव के अतिरिक्त अनुभव पर प्रतिवर्ष 2 अंक अधिकतम 10 अंक तक होगा। |
| आउटरीच वर्कर | 1. वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मे प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का वेटेज देते हुए अधिकतम 80 अंक।<br>2. पदानुरुप अनिवार्य अनुभव के अतिरिक्त अनुभव पर प्रतिवर्ष 2 अंक अधिकतम 20 अंक तक होगा। |
| परामर्शदाता | 1. वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मे प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का वेटेज देते हुए अधिकतम 60 अंक।<br>2. लिखित परीक्षा/समूह चर्चा/स्किल टेस्ट/कम्प्युटर परीक्षा से संबंधित परीक्षा पर 30 अंक निर्धारित रहेंगे<br>3. पदानुरुप अनिवार्य अनुभव के अतिरिक्त अनुभव पर प्रतिवर्ष 2 अंक अधिकतम 10 अंक तक होगा। |
| हाउस फादर | 1. वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मे प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का वेटेज देते हुए अधिकतम 80 अंक।<br>2. पदानुरुप अनिवार्य अनुभव के अतिरिक्त अनुभव पर प्रतिवर्ष 2 अंक अधिकतम 20 अंक तक होगा। |
| पैरामेडिकल स्टॉप | 1. वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मे प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का वेटेज देते हुए अधिकतम 60 अंक।<br>2. लिखित परीक्षा/समूह चर्चा/स्किल टेस्ट/कम्प्युटर परीक्षा से संबंधित परीक्षा पर 30 अंक निर्धारित रहेंगे<br>3. पदानुरुप अनिवार्य अनुभव के अतिरिक्त अनुभव पर प्रतिवर्ष 2 अंक अधिकतम 10 अंक तक होगा। |
| हाउस कीपर | 1. वांछित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मे प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंको का वेटेज देते हुए अधिकतम 80 अंक।<br>2. पदानुरुप अनिवार्य अनुभव के अतिरिक्त अनुभव पर प्रतिवर्ष 2 अंक अधिकतम 20 अंक तक होगा। |

17. नियुक्ति के संबंध मे किसी भी विवाद की स्थिति मे जिला कलेक्टर का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

18. दावा–आपत्ति निराकरण पश्चात न्यून शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव के आधार पर अधिकतम प्राप्त अंको की मैरिट सूची के आधार पर 01 पद के विरूद्ध अधिकतम 10 उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा/स्कील टेस्ट/समूह चर्चा/कम्प्यूटर परीक्षा हेतु बुलाया जावेगा/ समान अंक होने की स्थिति में जन्म तिथि के आधार पर वरिष्ठ को कौशल परीक्षा हेतु बुलाया जावेगा।
19. दावा–आपत्ति निराकरण पश्चात न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता अनुभव के आधार पर अधिकतम प्राप्त अंकों की मेरिट सूची के आधार पर अंतिम चयन की कार्यवाही की जावेगी।
20. समान अंक होने की स्थिति में अभ्यर्थियों की जन्म तिथि को आधार मानकर वरीयता निर्धारित की जावेगी जिस अभ्यर्थी की उम्र अधिक होगी, उसको वरीयता प्रदान की जावेगी।
21. चयन/नियुक्ति उपरांत यदि कोई जानकारी असत्य पायी जाती है तो नियुक्ति निरस्त कर दी जावेगी तथा संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।
22. विज्ञापन की विस्तृत जानकारी इस जिले के वेबसाईट **www.kawardha.gov.in** एवं कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कबीरधाम के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।
23. अपात्र अथवा मेरिट क्रम में न आने वाले अभ्यर्थियो को सूचना नही दी जायेगी। चुने हुए अभ्यर्थियो को मेल एवं एसएमएस से सूचना दी जायेगी। अतः सही मेल आईडी व मोबाइल नम्बर का उल्लेख आवेदन पत्र मे किया जावे।
24. आवेदक का आवेदन दिनांक 25.07.2023 को सायं 5:30 बजे तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कबीरधाम मे अनिवार्य रुप से प्राप्त हो जाना चाहिए। इसके पश्चात् आवेदन पत्र स्वीकार नही किया जावेगा।

**(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)**

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला कबीरधाम (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ रोजगार समाचार

# आवेदन पत्र

प्रति,

जिला कार्यक्रम अधिकारी/
जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला–कबीरधाम (छ.ग.)

स्व प्रमाणित नवीनतम फोटो चस्पा करें।

1. आवेदित पद का नाम :– ..............................
2. आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में) :– ..............................
   (अंग्रेजी में) :– ..............................
3. पिता/पति का नाम :– ..............................
4. स्थायी पता :– ..............................
   ..............................
   ..............................
5. पत्र व्यवहार का पता पूरा पता :– ..............................
   ..............................
   ..............................
   दूरभाष/मोबाईल ..............................
6. जन्मतिथि (अंको मे) :– ..............................
   (शब्दो मे) ..............................
7. दिनांक 01/01/2023 को आयु :– ..............................
8. लिंग (महिला/पुरूष) :– ..............................
9. जाति (अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./अन्य) :– ..............................
10. क्या आवेदक शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था मे सेवारत है :– ..............................
11. विवाहित/अविवाहित/विधुर/परित्यक्ता :– ..............................
12. यदि आप विवाहित है तो विवाह की तिथि एवं जीवित बच्चों की संख्या :– ..............................

छत्तीसगढ़ रोजगार समाचार

13. शैक्षणिक योग्यता :– (जन्मतिथि एवं समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रो की सत्यापित प्रति संलग्न करे)

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | बोर्ड / वि.वि. का नाम | प्राप्तांक / पूर्णांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

14. अन्य योग्यता का विवरण :– ........................................................................................

15. अनुभव (प्रमाण पत्र संलग्न करे)

| संस्था का नाम | पद नाम | अनुभव का विवरण कब से कब तक | वेतन एवं पद छोडने का कारण |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |

इसके अतिरिक्त अन्य कोई विवरण देना चाहे तो पृथक पत्रक मे संलग्न कर सकते है।

16. अन्य संलग्नको की सूची–
   1. जन्म तिथि हेतु 10वी की अंकसूची / प्रमाण पत्र
   2. 12 वी की अंकसूची
   3. स्नातक की अंकसूची
   4. स्नातकोत्तर की अंकसूची (पद अनुरुप आवश्यक होने पर)
   5. व्यवसायिक पाठ्यक्रम का प्रमाण पत्र (पद अनुरुप आवश्यक होने पर)
   6. विज्ञापन अनुसार निर्धारित अवधि का अनुभव प्रमाण पत्र

17. अन्य संलग्नको का विवरण

1. ..........................................................................2 ....................................................................
2. ..........................................................................4 ....................................................................

आवेदक का हस्ताक्षर

**—:घोषणा पत्र :—**

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता / करती हूँ कि इस प्रपत्र मे दिए गए समस्त विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और यदि ये असत्य पाए जाते है तो मेरी उम्मीदवारी / नियुक्ति निरस्त किए जाने योग्य होगी और मेरे विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

आवेदक का हस्ताक्षर एवं नाम

स्थान :–

दिनांक :–